आत्महत्या | नाबालिग किशोरी से मिलने गए युवक से की गई मारपीट, घर वापस लौटकर की आत्महत्या

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**कोतमा नवभारत 23 अप्रैल।** कोतमा थाना क्षेत्र के पकरिहा गांव में बुधवार की शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 24 वर्षीय युवक राजेश गुप्ता का शव आम के पेड़ से लटका मिला। युवक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस प्रशासन और लड़की पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर शव रखकर करीब 2 घंटे तक चकाजाम किया।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, पकरिहा निवासी राजेश गुप्ता का एक नाबालिग किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार को राजेश अपने एक दोस्त के साथ किशोरी को मोबाइल देने उसके गांव गया था। इसी दौरान किशोरी के भाई और उसके साथियों ने राजेश को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। एवं

### उसका मोबाइल भी तोड़ दिया

विवाद बढ़ने पर राजेश शिकायत दर्ज कराने कोतमा थाने पहुंचा, जहां दूसरी ओर से किशोरी का भाई भी रिपोर्ट लिखाने आ गया। लड़की के भाई द्वारा मृतक राजेश पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि थाने में ड्यूटी पर तैनात मुंशी ने राजेश की शिकायत पर तवज्जों नहीं देते हुए किनारे बैठने को कहा। इसी बीच राजेश 'लड़की को लेकर आता हूं' कहकर थाने से निकला और पकरिहा अपने घर पहुंचा। इसके बाद घर के पास एक पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी।

### मुख्य सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गांधी चौक जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस द्वारा रोके जाने पर उन्होंने मुख्य सड़क पर ही शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### पुलिस ने लिया बयान

मृतक के पिता ने 4 नामजद व्यक्तियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच जमकर बहस हुई। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए बिजुरी थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा।

### दिया कार्रवाई का आश्वासन

थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने परिजनों को समझा-बुझाकर और दोषियों पर उचित वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त करवाया। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और एक संदेही को हिरासत में लिया गया है।

### परिजनों का आक्रोश और पुलिस से तीखी झड़प

गुरुवार सुबह जैसे ही आत्महत्या की खबर फैली, अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि राजेश की मौत के लिए लड़की पक्ष के वे लोग जिम्मेदार हैं जिन्होंने उसके साथ मारपीट की।

### इनका कहना है

बुधवार को दोनों पक्ष थाने आए थे। युवक की मौत के मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। परिजनों के कथन दर्ज किए जा रहे हैं और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी, कोतमा**



# त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में की थी पत्नी की हत्या

▸ अंधी हत्या का पर्दाफाश, पति समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 23 अप्रैल।** जिले की वेंकटनगर पुलिस चौकी ने एक सनसनीखेज अंधी हत्या का खुलासा करते हुए पति सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में त्रिकोणीय प्रेम संबंध हत्या की मुख्य वजह सामने आई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को ग्राम सिंघौरा निवासी शैलेष कुमार महरा ने अपनी पत्नी गुड़िया महरा के रेलवे स्टेशन निगौरा से लापता होने की रिपोर्ट वेंकटनगर चौकी में दर्ज कराई थी। इस पर गुम इंसान कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान 18 अप्रैल को उमरिया बीट के जंगल क्षेत्र में सिद्धबाबा मंदिर की पहाड़ी के पीछे एक महिला का शव पेड़ से फांसी पर लटका मिला।

### पूछताछ में पति जुर्म कबूला

विवेचना के दौरान पुलिस ने मृतका के परिजनों से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि गुड़िया को आखिरी बार उसके पति शैलेष महरा और उसकी नाबालिग प्रेमिका के साथ देखा गया था। शक के आधार पर शैलेष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने अपनी नाबालिग प्रेमिका और एक अन्य नाबालिग साथी के साथ मिलकर 14 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे पत्नी गुड़िया महरा का दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी।

# अजय सिंह ने संगठन मजबूती पर दिया जोर

जनसमस्याओं को उठाना पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत



**अनूपपुर, नवभारत 23 अप्रैल।** अजय सिंह राहुल आज अनूपपुर जिले के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। दौरे के दौरान उन्होंने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी के निवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और परिवारजनों से मुलाकात की। इस दौरान अजय सिंह राहुल ने जयसिंहनगर विधानसभा प्रभारी आशीष त्रिपाठी से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क, बूथ स्तर पर सक्रियता, युवाओं की भागीदारी और जनसमस्याओं को उठाना पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत हैं।

### एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करें

उन्होंने आशीष त्रिपाठी को संगठनात्मक मजबूती के लिए और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने की सलाह दी और आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक रूप से काम करने पर जोर दिया। साथ ही वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रवीण आशीष त्रिपाठी से भी नगर में चल रही कांग्रेस गतिविधियों की जानकारी ली। अजय सिंह राहुल ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही आगामी चुनावों में सफलता की कुंजी है।

## राजनगर में किया गया अजय सिंह का स्वागत

अनूपपुर नवभारत। अजय सिंह राहुल के राजनगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पूरे नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सर्वप्रथम राजनगर पहुंचने पर जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम नारायण सिंह के निवास पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) कार्यालय में उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हरिशंकर दुबे के नेतृत्व में भगत सिंह चौक, राजनगर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया नर्मदा स्नान





**अनूपपुर, नवभारत 23 अप्रैल।** गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर अमरकंटक स्थित नर्मदा उद्गम स्थल में गुरुवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए पहुंचे और शाम तक यह संख्या 25 हजार के पार पहुंच गई। भक्तों ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर कोटितीर्थ घाट, रामघाट, पुष्कर बांध और आरंडी संगम तटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर ओर हर-हर नर्मदे के जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। नर्मदा उद्गम मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया।

### मुंडन संस्कार का विशेष महत्व

इस दिन मुंडन संस्कार का विशेष महत्व होने के कारण कई परिवार अपने बच्चों का मुंडन कराने के लिए भी यहां पहुंचे और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संस्कार संपन्न कराया। नर्मदा स्नान का सिलसिला सुबह करीब 5 बजे से शुरू होकर देर शाम तक जारी रहा। तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। भजन-कीर्तन, मंजीरा और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ भक्त मां नर्मदा की भक्ति में लीन नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

## एक नजर में

### दावा-आपत्ति निराकरण समिति की बैठक आज

**अनूपपुर, नवभारत।** महिला एवं बाल विकास विभाग, अनूपपुर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पूर्व में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। खंड स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन के बाद संबंधित परियोजना अधिकारियों द्वारा अनंतिम चयन सूची जारी की गई थी। इस अनंतिम सूची के विरुद्ध प्राप्त दावे एवं आपत्तियों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय दावा-आपत्ति निराकरण समिति की बैठक का आयोजन 24 अप्रैल को प्रात: 10 बजे जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते ने बताया कि समिति द्वारा सभी प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। इसके उपरांत अंतिम चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।



### समझाइश के बाद टला नाबालिग का विवाह

**अनूपपुर, नवभारत 23 अप्रैल।** जिले में प्रशासन की सतर्कता से एक बाल विवाह को समय रहते रोक दिया गया। विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत जरही में गुरुवार को बाल विवाह की सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाइश देकर विवाह रुकवाया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते और सहायक संचालक मंजूषा शर्मा के मार्गदर्शन में गठित बाल विवाह रोकथाम दल ने विवाह स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों और परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। टीम ने बताया कि बालिका की वैधानिक विवाह योग्य आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह किया जाना चाहिए। प्रशासनिक समझाइश का असर हुआ और परिजनों ने बाल विवाह रोकने पर सहमति जताई। इस कार्रवाई में बाल कल्याण समिति अनूपपुर के अध्यक्ष मोहनलाल पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, विभागीय पर्यवेक्षक, स्टाफ तथा पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते ऐसी कुप्रथा पर रोक लगाई जा सके।

### उपचार के लिए 30 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के ग्राम बसनिहा निवासी सोनम गुप्ता के उपचार के लिए 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं वितरण की मंजूरी प्रदान की है। यह सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत की गई है। प्रशासन द्वारा दी गई इस आर्थिक मदद से पीड़िता के उपचार में सहूलियत मिलेगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राशि का शीघ्र आहरण कर लाभार्थी को उपलब्ध कराया जाए, ताकि समय पर इलाज सुनिश्चित हो सके। स्थानीय स्तर पर इस पहल की सराहना की जा रही है और इसे जरूरतमंदों के लिए राहत भरा कदम बताया जा रहा है।

# 165 लीटर शराब के साथ बोलेरो जब्त, 1 गिरफ्तार



▸ अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, एक आरोपी फरार

**अनूपपुर, नवभारत 23 अप्रैल।** जिले में राजेंद्रग्राम पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी और प्रभावी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है।

पुलिस ने एक बिना नंबर की बोलेरो वाहन को पकड़कर उससे 164.880 लीटर शराब बरामद की, जिसकी बाजार कीमत लगभग 89,868 रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को 22 अप्रैल को सूचना मिली कि एक सफेद बोलेरो वाहन में दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर अमरकंटक की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही राजेंद्रग्राम पुलिस ने तत्काल टीम बनाकर ग्राम डाकिया टोला मेन रोड पर घेराबंदी की।

### चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की

कुछ ही देर में संदिग्ध बोलेरो वाहन वहां पहुंचा। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घुसरवार के पास वाहन को रोक लिया। इस दौरान एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि दूसरे को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम सनेह उर्फ शनि सिंह बताया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### 19 कार्टून में भरी मिली शराब

वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस को 19 कार्टून में विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब मिली, जिसमें बीयर और व्हिस्की शामिल हैं। कुल 164.880 लीटर शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक पीसी कोल सहित पुलिस टीम के अन्य जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# एसकेएमएस ने किया योजनाबद्ध आंदोलन का ऐलान

बैठक में ठेका मजदूरों के शोषण और खदान सुरक्षा पर की गई चर्चा

**जमुना-कोतमा 23 अप्रैल।** जमुना कोतमा क्षेत्र के बंकिम बिहार जमुना कालरी में एसकेएमएस (एटक) के केंद्रीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड कन्हैया सिंह ने की।

इस दौरान केंद्रीय महासचिव एवं नवनियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य (एटक) अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा, कंपनी उपाध्यक्ष मंडल, सचिव मंडल, कोषाध्यक्ष सहित 29 सदस्यीय टीम मौजूद रही। क्षेत्रीय स्तर पर सचिव अयाज अली, अध्यक्ष प्रमोद खांडई, कोषाध्यक्ष पंचू यादव समेत कई पदाधिकारी व वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

### लेबर कोड पर विस्तृत चर्चा की गई

बैठक में संगठन से जुड़े प्रमुख मुद्दों के साथ केंद्र सरकार द्वारा लागू चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) पर विस्तृत चर्चा की गई। कामरेड अजय विश्वकर्मा ने कहा कि ठेका मजदूरों के साथ भारी अन्याय हो रहा है। उन्हें न तो उचित मजदूरी मिल रही है और न ही कार्य की पर्ची दी जा रही है। मात्र 400-500 रुपये देकर 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जो गंभीर शोषण का उदाहरण है।

### मजदूरों की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी

उन्होंने खदानों में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। बताया गया कि मजदूरों को दो-दो वर्षों से गमबूट नहीं मिले हैं, आईआर (इंडस्ट्रियल रिलेशन) की प्रक्रिया प्रभावित है और जहां आईआर हो भी रहा है, वहां मिनट्स तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। फंड की कमी का हवाला देकर मजदूरों की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है। जबकि अन्य मदों में अनावश्यक खर्च जारी है। इन सभी मुद्दों को लेकर पूरे क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

ठगी | अनूपपुर पुलिस की सक्रियता से आखिर पहुंचा सलाखों के पीछे, विभिन्न राज्यों में दर्ज हैं दर्जनभर मामले

# दो साल से फरार करोड़ों की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार





**जमुना कोतमा नवभारत 23 अप्रैल।** थाना भालूमाड़ा पुलिस ने करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वर्षों से फरार चल रहे मुख्य आरोपी उमेश कांतिलाल पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लंबे समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406, 409, 120बी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज है। आरोपी ने निवेशकों को झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी की थी और घटना के बाद से फरार चल रहा था।

### दो वर्ष पूर्व थाना भालूमाड़ा प्रकरण दर्ज किया गया था

ज्ञात हो कि लगभग दो वर्ष पूर्व बदरा निवासी संतोष चौरसिया की रिपोर्ट पर इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने तत्काल प्रभाव से थाना भालूमाड़ा में प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए थे। उनकी संवेदनशीलता और सख्त रुख का ही परिणाम है कि लंबे समय से फरार आरोपी आज कानून के शिकंजे में आ सका।

### पैसे और प्रभाव के दम पर कार्रवाई से बचता रहा

गौरतलब है कि आरोपी उमेश कांतिलाल पटेल के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में भी दर्जनभर से अधिक धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। करोड़ों रुपये की ठगी करने के बावजूद वह लंबे समय तक पैसे और प्रभाव के दम पर कार्रवाई से बचता रहा, लेकिन अनूपपुर पुलिस की सतर्कता और लगातार प्रयासों के चलते आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### एक अन्य आरोपी की तलाश जारी

इस पूरे ठगी गिरोह का एक अन्य आरोपी अलकित मालवीय निवासी गुजरात अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है और उम्मीद जताई जा रही है कि उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अनूपपुर पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से न केवल निवेशकों में न्याय की उम्मीद जगी है, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश गया है कि अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून के हाथों से बच नहीं सकता।

## रामलाल अनुसूचित जनजाति आयोग के दूसरी बार अध्यक्ष बने



**अनूपपुर नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी के अनूपपुर विधानसभा पूर्व विधायक एवं पूर्व कोल विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रामलाल रौतेल को मध्य प्रदेश सरकार ने गुरूवार को अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। रौतेल दूसरी बार ये पद संभालने जा रहे हैं। इससे पहले 2010 में उन्हें आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। वह दो बार अनूपपुर विधानसभा से विधायक रहे और कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके साथ ही आयोग के सदस्य भगत नेताम और मंगल सिंह धुर्वे के नामों का ऐलान हुआ है। रामलाल रौतेल गृह ग्राम चोरभटी से दो बार सरपंच, अभिभाजित शहडोल जिला पंचायत सदस्य चुने गये।